# आदर्श प्रश्न पत्र

कक्षा : 11वीं — विषय : हिन्दी

अंक : 100 — समय : तीन घंटे

## खण्ड–क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

हिन्दी की भूमिका आज बहुत बड़ी हो गई हैं उसे आज वही काम करना है जो कभी संस्कृत करती थी और आज जिसे एक खण्डित रूप में ही सही अंग्रेजी कर रही है, उच्च शिक्षित वर्ग के मध्य। उसे सम्पूर्ण ज्ञान–विज्ञान का वाहन बनना है, उसके अन्दर वैसी आन्तरिक ऋद्धि–सिद्धि लानी है जो भारत जैसे महान् और विशाल देश की राष्ट्रभाषा के लिए अपेक्षित है। अतः 'बहता नीर' का चालू सतही अर्थ न लेकर उसे एक व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखना होगा, जिसका आभास ऊपर दिया जा चुका है। सधुक्कड़ी और चुनाव भाषणों से ज्यादा वृहत्तर दायित्व है इस हिन्दी का। यह स्मरण करते हुए हम भाषा के सम्बन्ध में चिन्तन करें तो अच्छा होगा।

क) हिन्दी की भूमिका क्यों बड़ी हो गई है? 2

ख) आज हिन्दी को कौन–सा काम करना है? 2

ग) भारत जैसे विशाल देश के लिए किस प्रकार की भाषा अपेक्षित है? 2

घ) आज हिन्दी की क्या जिम्मेदारी है? 2

ङ) उक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 2

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

किंतु हम हैं द्वीप
हम धारा नहीं।
स्थिर समर्पण है हमारा।
हम सदा से द्वीप हैं स्त्रोतस्विनी के।
किन्तु हम बहते नहीं हैं क्योंकि बहना रेत होना है।
हम बहेंगे तो रहेंगे ही नहीं।
पैर उखड़ेंगे। प्लावन होगा। ढहेंगे। सहेंगे। बह जाएंगे।
और फिर हम चूर्ण होकर भी क्या धार बन सकते
रेत बनकर हम सलिल को तनिक गंदला ही करेंगे। अनुपयोगी ही बनाएँगे।

क) पद्यांश का शीर्षक लिखिए। 1

ख) कवि अपनी तुलना किससे करता है, क्यों? 1

ग) कवि स्थिर समर्पण की बात क्यों करता है? 1

घ) द्वीप धारा के साथ बहना क्यों नहीं चाहता? 1

ङ) पद्यांश का भावार्थ क्या है? 1

च) 'अनुपयोगी' का अर्थ लिखें। 1

## खण्ड–ख

3. समाचार –पत्र के सम्पादक को पत्र लिखकर राज्य परिवहन की बसों में यात्रा की असुविधाओं की शिकायत कीजिए। 5

अथवा

अपने मित्र को अपने विद्यालय में हुए वार्षिकोत्सव के विषय में पत्र लिखिए।

4.क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के तत्सम् शब्द लिखें :– 2
होंठ, आँसू, दीया, नाच।

ख) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के तद्भव शब्द लिखें :– 2
आकाश, बात, वंश, घोड़ा।

5. क) निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखें :– 4
गाय, फूल, नदी, गणेश।

ख) विपरीतार्थक शब्द लिखें :– 2
हार, विधवा।

ग) निम्नलिखित शब्दों के दो–दो अनेकार्थी शब्द लिखें :– 2
अर्थ, कर।

6.क) मुहावरे से क्या अभिप्राय है, उदाहरण सहित लिखें। 1

ख) लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट कर वाक्य लिखें :– 2
अ) अन्धेर नगरी चौपट राजा
आ) चिराग तले अंधेरा।

## खण्ड–ग

7. आदिकालीन परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए। 7

अथवा

रीतिकाल के नामकरण एवं काल सीमा निर्धारण पर विचार करते हुए इस काल की प्रमुख काव्यधाराओं का उल्लेख कीजिए।

8. भक्तिकाल की पाँच प्रमुख रचनाएँ और उनके रचनाकार का नाम लिखें। 3

अथवा

प्रमुख रासों काव्यों तथा उनके रचयिताओं के नाम लिखिए।

## खण्ड–घ

9. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 5

ऊँचे कुल क्या जनमियाँ, जो करणी ऊँच न होइ।
सुबरण कलस सुरे भर्या, साधु निन्दा सोई।।

अथवा

चरण कमल बंदौ हरि राई।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अंधे को सब कुछ दरसाई।
बहिरौ सुनै मूल पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराई।
'सूरदास' स्वामी करुणामय, बार बार बन्दौं तेहि पाई।

10. कबीर का साहित्यिक परिचय लिखें। 7

अथवा

तुलसीदास का साहित्यिक परिचय लिखें।

11. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :- 5

यह सुनकर विधवा ने कहा, "महाराज, नाराज़ न हों, आपसे एक टोकरी-भर मिट्टी नहीं उठायी जाती और इस झोंपड़ी में तो हज़ारों टोकरियाँ मिट्टी पड़ी है। इसका भार आप जन्म-भर क्योंकर उठा सकेंगे? आप ही इस बात पर विचार कीजिए।"

अथवा

ये सब्र न हो तो हम गरीबों की रोज़ी-रोटी कैसे चले। तुमको समझ नहीं आएगा। पचास लोगों को पूड़ी बेचने और सब्ज़ी काटने के लिए तो ठेकेदार नहीं न लगा लेगा। ई सब होने से सबको काम धन्धा ही बढ़ा है। वो भी खुश, हम भी खुश। जी भर आन-मान हो जाता है हम लोगों का ये सब देखकर।"

12. यशपाल की कहानी 'परदा' की तत्त्वों के आधार पर समीक्षा कीजिए। 7

अथवा

'शतरंज के खिलाड़ी' का सार अपने शब्दों में लिखिए।

13. लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

क) 'विनय पत्रिका' की भाषा पर टिप्पणी लिखिए।

अथवा

मीराबाई की भक्ति-पद्धति पर प्रकाश डालिए। 3

ख) बिहारी की अलंकार योजना पर प्रकाश डालिए।

अथवा

कबीर ने समाज में व्याप्त किन बुराइयों का खण्डन किया है? 3

ग) कबीर अपने युग के क्रांतिकारी कवि थे, स्पष्ट करें।

अथवा

सूफी–काव्य परम्परा में जयसी का स्थान निर्धारित कीजिए। 3

घ) विधवा ने टोकरी भर मिट्टी माँगने का क्या कारण बताया?

अथवा

मीर साहब के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए। 3

ङ) 'एक टोकरी भर मिट्टी' का संदेश क्या है?

अथवा

'वापसी' कहानी का उद्देश्य क्या है? 3

च) मातादीन ने चाँद पर हत्या का मामला कैसे सुलझाया?

अथवा

'चुप चन्तारा रोना नहीं' में चन्तारा की विवशता कैसे प्रदर्शित की गई है? 3

14. वस्तुनिष्ठ प्रश्न :– 12

क) नाथों और सिद्धों की कुल संख्या लिखें।

ख) भक्तिकाल का समय क्या है?

ग) रीतिकाल का प्रवर्तक किसे माना जाता है?

घ) रामभक्ति शाखा के पांच कवियों का नाम लिखें।

ङ) कबीर का जन्म कब हुआ था?

च) बिहारी सतसई में कितने दोहे हैं?

छ) मीरा की मूल भाषा कौन–सी है?

ज) सूरदास की दो रचनाएँ लिखें।

झ) प्रेमचंद का जन्म कब और कहाँ हुआ?

ञ) पीरबक्श ने किससे कितना उधार लिया?

ट) 'वापसी' कहानी की लेखिका कौन हैं?

ठ) 'चुप चन्तारा रोना नहीं' की नायिका कौन है?